



## एक नजर में

### मुसाफिर म्यूज़िकल ग्रुप ने दी किशोर दा को सुमधुर गीतों से श्रद्धांजलि



**नीमच।** मुसाफिर म्यूजिकल ग्रुप द्वारा महान गायक किशोर कुमार जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को डीके कोचिंग सेंटर पर उनके द्वारा गए गीतों को गाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महान गायक किशोर दा की तस्वीर पर पुष्पमाला पहनाकर नमन किया इसके पश्चात ग्रुप के सदस्यों द्वारा किशोर दा के सुमधुर गीतों को गाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजेश सेन द्वारा पल पल दिल के पास, राजेंद्र रोकड़े द्वारा चेहरा है या चांद खिला है, सदाशिव सेन द्वारा ये शाम मस्तानी, निशा घारू और एडमिन खजानसिंह पंवार द्वारा अच्छा तो हम चलते हैं, प्रभु लाल आर्य द्वारा जिंदगी प्यार का गीत है, सुनीता यादव और भारत घावरी द्वारा कोरा कागज था ये मन मेरा, योगेश गहलोत द्वारा किसका रास्ता देखूं, धीरज मंडोरिया द्वारा ओ मेरे दिल के चैन, भारत घावरी द्वारा तेरे चेहरे में वो जादू है, राजेंद्र जी शर्मा एवं निशा द्वारा तेरे चेहरे से नजर नहीं हटती, ग्रुप में मेहमान नन्हे सिपाही हार्दिक आर्य द्वारा भी इना मीना डीका द्वारा शानदार गायन प्रस्तुत किया और अंत कार्यक्रम के अंतिम प्रस्तुति में देख के तुमको दिल डोला है मुसाफिर ग्रुप एडमिन खजानसिंह पंवार द्वारा गीत गाता हूं मैं गुनगुनाता हूं मैं मैंने हंसने का वादा किया था कभी गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम का सफल संचालन एडमिन खजानसिंह पंवार द्वारा किया गया एवं आभार परामर्शकता राजेंद्र जी शर्मा ने माना।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की कार्रवाई, खाद्य पदार्थों के 11 नमूने लिए



**नीमच।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम द्वारा सोमवार को मनासा स्थित सन्मति इंटरप्राइसेज, गोपाल रामदयाल सोडानी एवं श्री बालू स्वीट्स एंड नमकीन का आकस्मिक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा उक्त फर्मों पर विक्रय हेतु भंडारित एवं निर्मित खाद्य पदार्थ मलाई बर्फी, मावा, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, मावा बर्फी, मूंगफली तेल, सहित 11 नमूने लिए गए। नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जाएगी। फर्म गोपाल रामदयाल सोडानी मनासा एवं श्री बालू स्वीट्स एंड नमकीन मनासा के परिसर पर नियमानुसार साफ सफाई नहीं पाए जाने पर उक्त अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री यशवंत कुमार शर्मा एवं श्री राजू सोलंकी की टीम द्वारा की गई।

### नीमच में युवा संगम कार्यक्रम रोजगार मेला आज

**नीमच।** शासकीय आई.टी.आई.नीमच ग्राम डूंगलावदा में आज 15 अक्टूबर को युवा संगम( रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेला) कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध है। इच्छुक बेरोजगार युवक, युवतियां कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं। युवा संगम कार्यक्रम में जिले की प्रतिष्ठित एवं जिले से बाहर की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी कमला चौहान ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपनी सी.वी., रिज्यूम की कॉपी के साथ रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आगृह किया है।

### स्वच्छता की दीवाली अभियान के तहत नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य जारी



**नीमच।** जिले में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में दीपावली पर जिले की सभी नगरीय निकायों में 10 दिन स्वच्छता की दीवाली अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत न.प.नीमच, जीरन, मनासा, जावद, सिंगोली, रतनगढ़ सहित अन्य निकायों में न.पा.टीम द्वारा स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं।

### चीताखेड़ा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय चीताखेड़ा द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्र. 4 चिताखेड़ा में मंगलवार को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बी.पी.की निःशुल्क जांच एवं आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां प्रदान की गई। शिविर में 105 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ.तारेन्द्र सिंह सोनगरा, रीतिका तिवारी एवं जगदीश इरवार ने अपनी सेवाएं दी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी : यादव

- पीएम श्री हायर सेकंडरी विद्यालय मोतीपुरा में छात्र–शिक्षक परिचर्चा आयोजित
- रटाना नहीं, समझाना है उद्देश्य



**मंदसौर। सीतामऊ विकासखंड के ग्राम मोतीपुरा स्थित पीएम श्री हायर सेकंडरी विद्यालय में राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के मुख्य आतिथ्य में छात्र–शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया। श्री यादव ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस नीति का उद्देश्य केवल रटने की प्रवृत्ति से हटकर समझने और प्रयोगात्मक शिक्षा की दिशा में बच्चों को आगे बढ़ाना है।**

उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच कौशल विकास, अनुशासन, नैतिकता और भयमुक्त वातावरण का निर्माण होना चाहिए। नई शिक्षा नीति हमें पुरानी रटंत शिक्षा पद्धति से मुक्त कर, व्यावहारिक और कौशल आधारित शिक्षा की ओर ले जाती है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सृजनशीलता का विकास करना होना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव दिनेश शुक्ला, प्रदेश सचिव राजेश गुप्ता, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राणावत, जिला सचिव पंकज मंडलोई, बीआरसी कोमल राठौर, बीएसी बलवंत लोहार, तथा विद्यालय के प्राचार्य कैलाश सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान यादव सहित पदाधिकारियों ने सुनील धनोतिया की माताजी की पुण्य स्मृति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इसके बाद उन्होंने कयामपुर ब्लॉक के शिक्षकों के साथ संगठनात्मक बैठक की, जिसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। यादव ने बताया कि जिला स्तरीय शिक्षकीय समस्याओं को जिला शिक्षा अधिकारी के साथ चर्चा कर समाधान कराया गया है।




## मंदसौर के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन, जीते मेडल

**मन्दसौर। इंदौर स्थित श्री राम जिम में प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।** महिला वर्ग में मानवी रियार (कैटेगरी 58 यूथ) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रत्ना प्रजापत (कैटेगरी 53 जूनियर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भूमिका मालवीय (कैटेगरी 48 जूनियर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिमरन हरवा (कैटेगरी 63 यूथ) ने भी तृतीय स्थान हासिल किया।वहीं पुरुष वर्ग में नीलेश राठौर (कैटेगरी 88 सीनियर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मधु अवस्थी (कैटेगरी 58 जूनियर), सलोनी व्यास (कैटेगरी 48 जूनियर) और शिवराज सिंह राव (कैटेगरी 56 यूथ) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मंदसौर का गौरव बढ़ाया।खिलाड़ियों की सफलता पर कोच आज़ाद सिंह सोलंकी ने सभी को बधाई दी और बताया कि सभी खिलाड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ पी.जी. कॉलेज की मल्टी जिम में नियमित अभ्यास करते हैं। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, पी.जी. कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां व्यापक स्तर पर



**मन्दसौर।** संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है। 'आत्ममंथन' विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे। इस दिव्य उत्सव की तैयारियां अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हो या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है। कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है, कोई शामियाने गाढ़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है – एक ऐसा प्रवेश–द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा।' यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि 'जहाँ सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है।' यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि 'तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण।' देश के कोने–कोने से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और हवाई अड्डों पर निरंकारी सेवादल के अनुशासित, मर्यादित एवं सुसज्जित सेवादार अपनी नीली और खाकी वर्दियों में श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके निर्धारित निवास स्थलों तक ससम्मान पहुँचाने हेतु सतत तत्पर रहेंगे।

## कलेक्टर ने दिव्यांग मदनलाल को स्वरोजगार के लिए मदद का दिलाया भरोसा

- जनसुनवाई में कुण्डला के दिव्यांग मदन को मिली 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई कर आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया। कलेक्टर चंद्रा ने मनासा उपखण्ड के गांव कुण्डला निवासी दोनो पैरों से दिव्यांग मदनलाल को जनसुनवाई 10 हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता राशि रेडक्रास से भुगतान करने का आदेश दिया है। उन्होने दिव्यांग मदन लाल को स्वरोजगार के लिए ऋण एवं अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में गिरदौड़ा के किशनसिह राजपुत, मनासा के भगतराम, ललिता शर्मा, ढ़ाकनी के कन्हैयालाल, चीताखेड़ा नसीम बेगम, डूंगलावदा के बबलु, श्रीपुरा के देवीलाल, आंत्रीबुजुर्ग के हीरालाल, पिपल्याव्यास के कालूराम, नयागांव के राजू धाकड़, भाटखेड़ी के कारूलाल, गिरदौडा की सुशीलाल बाई, मालखेड़ा की गीताबाई, नीमच के भेरूलाल, बत्तिसड़ा के भोनिशंकर, भोलाराम कम्पाउण्ड नीमच की गीताबाई, मान्याखेड़ी के नाथूलाल, गुगलखेड़ा के राजेन्द्र चौहान, बांगरेड़ के गोपाल ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह खेजडी के इन्दरमल, नीमच के शानु, फोफलिया की संगीता, मनासा के पंकज, दुधलाई के जगदीश, धाऊखेड़ी के मोतीलाल, सिंधी कॉलोनी नीमच के हरीश कुमार, चड़ोली के जगदीश, रावतखेड़ा के कारूलाल, बोरदिया कलां के दिलीप सिह, सुवाखेड़ा की चंचल, कुकड़ेश्वर के जगदीशचंद्र, बामनबर्डी के कन्हैयालाल, दारू के बाबुलाल, चड़ौली के जगदीश, कांकरिया तलाई के मुकेश, चल्दू की गट्टूबाई ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

## जिले में महिलाओं की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य जांच का अभियान निरंतर जारी रखें : कलेक्टर



**नीमच। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक जिले में महिलाओं की स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य जांच का अभियान चलाया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रखा जाए और शतप्रतिशत महिलाओं की एनिमिया, ए.एन.सी., एन.सी.डी., हिमोग्लोबीन की जांच करवाई जाए।**

साथ ही शेष रहे ग्राम पंचायतों को भी टी.बी.मुक्त पंचायतें घोषित करवाया जाए। उक्त कार्य की मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग कर, साप्ताहिक प्रगति से टी.एल.बैठक में अवगत कराए।

यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक में विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश सहित सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और विभागीय अमले के माध्यम से जिले में सर्वे करवाकर मुख्यमंत्री बाल आश्रृय योजना के तहत सभी पात्र बच्चों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए,कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें, कि फण्ड के अभाव में कोई भी विभागीय निर्माण कार्य रूके नहीं। आवश्यकतानुसार फण्ड की मांग के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाएं।

**एक नजर** — शासकीय महाविद्यालय रामपुरा में चुनौतियां और अवसर विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

# जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता चिंता का विषय बना – सोनी

**रामपुरा। शासकीय महाविद्यालय रामपुरा में जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधताः चुनौतियाँ और अवसर विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता संरक्षण के परस्पर संबंधों पर जागरूकता बढ़ाना तथा नवीन अनुसंधान दृष्टिकोणों पर चर्चा करना रहा।**

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया । अग्रणी महाविद्यालय नीमच प्राचार्य डॉ.प्रशांत मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रेरक उद्बोधन दिया,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलराम सोनी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है और जैव विविधता संरक्षण के बिना सतत विकास संभव नहीं है। जनभागीदारी अध्यक्ष करुण माहेश्वरी द्वारा प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।




व्याखान की श्रृंखला में मुख्य वक्ता डॉ.हर्ष पीपील ,दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने अपने व्याख्यान में जलवायु परिवर्तन के वैज्ञानिक पहलुओं, जैव विविधता पर इसके प्रभाव तथा संरक्षण की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. डी.एम.कुमावत, विभागाध्यक्ष पर्यावरण प्रबंधन विभाग सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन ने इस बात पर बल दिया कि जैव विविधता का संरक्षण केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि मानव अस्तित्व की मूलभूत आवश्यकता है।

इसके लिए समाज, सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर सतत विकास की दिशा में कार्य करना होगा। डॉ.शुभांगी के. जंगले ने युवाओं से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ। अंत में उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे प्रयास, जैसे वृक्षारोपण, ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक उपयोग में कमी, बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. भरत कुमार धनगर ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना भी जाग्रत करते है। अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.जेड.एच.बोहरा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं तकनीकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन. के. डबकरा,डॉ. हेमकांत तुगनावत, समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।